तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025

12 महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आज अंतिम दिन



12 वार्ड 30 में नवनिर्मित गलियों का किया उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढ़े 9 लाख हडपे

**कैथल।** कलायत पुलिस ने ने एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढ़े 9 लाख रुपए हड़पने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलायत के रहने वाले आकाश ने पुलिस को बताया कि उसने ऑस्ट्रेलिया का टूरिस्ट वीजा लगवाने के लिए गांव राजापुर जिला पानीपत निवासी गुरपेज सिंह के साथ 14 लाख रुपए में बात की थी।



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव कंडेला के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कंडेला के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो युवक उन्हे देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### पिकअप गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर दो घायल

**जींद।** सफीदों नहर पटरी पर पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस शिकायत के आधार पर फरार पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव रोजला निवासी अक्षय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम को वह बाइक पर सवार होकर सफीदों से गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव हाडवा निवासी अमित ने उससे लिफ्ट ले ली। जब वह नहर पर पटरी पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए।

### टावर से पांच बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव झील टावर से पांच बैटरियां गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। टावर कंपनी के मैनेजर कमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी ने गांव झील में टावर लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने टावर से पांच बैटरियों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कमल की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया

# थुआ, खेड़ीबुल्ला, काब्रछा व गांगोली में सरपंच पद को लेकर चुनाव संपन्न









**जींद।** मतदान के लिए लाइन में लगे ग्रामीण और काब्रछा के सरपंच चुने गए संदीप को जीत का सर्टिफिकेट देते हुए रिर्टनिंग अधिकारी एवं एसडीएम दलजीत सिंह व मतदान केंद्र के बाहर तैनात पुलिस बल।

- संदीप बने काब्रच्छा के सरपंच, खेड़ी बुल्ला के सरपंच बने मक्खन
- गांगोली के सरपंच महेंद्र मलिक तो थुआ के सरपंच बने कुलदीप
- फरैण कलां में नही हुआ मतदान, रोजखेड़ा में सर्वसम्मति से चुनाव सरपंच



गांव थुआ के सरपंच बने कुलदीप



गांगोली के सरपंच महेंद्र मलिक



खेड़ी बुल्ला के सरपंच मक्खन सिंह



काब्रछा के सरपंच संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में चार ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति सदस्य तथा 75 पंचों की चौधर के उपचुनाव को लेकर ग्रामीणों ने मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। मतदान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर 12 बजे तक जिलेभर में करीब 40 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम को छह बजे जैसे ही मतदान का समय समाप्त हुआ तो तुरंत प्रभाव से गिनती का कार्य शुरू हुआ। प्रशासन ने निर्णय लिया था कि कहीं भी पुनः मतदान की स्थिति बनती है तो मंगलवार 17 जून को पुनरू मतदान करवाया जाएगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

**संदीप बने काब्रच्छा के सरपंच, शांतिपूर्वक हुआ मतदान :** उचाना खंड के गांव काब्रच्छा में सरपंच पद के उप चुनाव में संदीप, करन सिंह के बीच आमने-सामने का मुकाबला था। संदीप ने करन सिंह को 613 मतों से हराया। 4080 मतदाताओं में से 2918 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। संदीप को 1758, करन सिंह को 1145 एवं नोटा को 15 मत मिले। चुनाव के बाद मतों की गिनती की गई। सरपंच बने संदीप को रिर्टनिंग अधिकारी एवं एसडीएम दलजीत सिंह ने जीत का सर्टिफिकेट दिया। गांव के राजकीय स्कूल में बने मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाता मतदान करने के पहुंचने लगे। गर्मी का मौसम होने के बावजूद भी मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दिया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। रिर्टनिंग अधिकारी एसडीएम दलजीत सिंह, डीएसपी संजय कुमार ने मतदान प्रक्रिया के दौरान निरंतर मतदान केंद्र का दौरा कर जानकारी लेते रहे। मतदाता सूची में नाम न मिलने पर उम्मीदवारों के समर्थक मतदाता सूची से नाम ढूंढते नजर आए।

**खेड़ी बुल्ला के सरपंच बने मक्खन :** गांव खेड़ी बुल्ला सरपंच पद को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपनन हुआ। यहां कुल 766 हैं और पोल 616 हुए। कुल 80.41 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें विजय उम्मीदवार मक्खन रहे और उन्हें 320 मत मिले। दूसरे नंबर पर रिंकू रहे और उन्हें 294 मत मिले। मक्खन 26 मतों से विजीय हुए।

**गांगोली के सरपंच महेंद्र मलिक :** गांव गांगोली की चौधर महेंद्र मलिक को मिली और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी दरबारा को मात्र दो मतों से हराया। गांव में कुल मत 4476 थे और इनमें से 3414 मत पोल हुए। कुल 76.27 प्रतिशत मतदान हुआ। महेंद्र मलिक को 1687 मत मिले जबकि दरबारा को 1685 मत मिले।

**थुआ की चौधर मिली कुलदीप सिंह को :** गांव थुआ में सरपंच पद को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। थुआ में कुल मतदाता 5560 हैं और इनमें से रविवार को 3658 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कुलदीप सिंह को कुल 1492 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी वीरभान को 926 मत मिले। कुलदीप सिंह 566 मतों से विजयी रहे।

**फरैण कलां में नहीं हुआ मतदान, रोजखेड़ा में सर्वसम्मति से चुनाव सरपंच :** गांव थुआ, खेड़ीबुल्ला, काब्रछा व गांगोली में सरपंच पद का चुनाव हुआ। जबकि रोजखेड़ा में सर्वसम्मति से सरपंच बन चुका है। यहां केवल एक ही नामांकन दाखिल हुआ था। वहीं गांव फरैण कलां में किसी ने नामांकन दाखिल नही किया है। इसलिए यहां मतदान नही हुआ।

**उचाना में तीन मतदान केंद्रों पर दिया मत :** खंड उचाना की ग्राम पंचायत काब्रछा के लिए तीन मतदान केंद्र निर्धारित किए गए थे। मतदान केंद्र क्रमांक 12 एवं 13 राजकीय उच्च स्कूल में स्थापित किए गए हैं।

जिनमें क्रमशः वार्ड संख्या 1 से 5 तक के कुल 1304 मतदाता तथा वार्ड संख्या 6 से 11 तक के कुल 1291 मतदाता शामिल रहे। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 14 राजकीय उच्च स्कूल बायीं ओर में स्थापित किया गया है। जिसमें वार्ड संख्या 12 से 16 तक के कुल 1485 मतदाता शामिल रहे। वहीं पिल्लूखेड़ा में मतदान को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए थे।

**उपचुनाव को लेकर पर्याप्त पुलिसबल तैनात :** एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। पर्याप्त पुलिस बल मतदान केंद्रों पर तैनात रहा। किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को हाथ में नहीं लेने दिया गया। नोडल अधिकारी एएसपी सोनाक्षी सिंह, संबंधित डीएसपी व थाना प्रभारी चुनाव के दौरान सुरक्षा की कमान संभाले रहे।

### पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन रहा सतर्क

*जिला में रविवार को संपन्न हुए पंचायत राज संस्थाओ के उपचुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। पंचायत उपचुनावों के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए खंड जींद, अलेवा, उचाना एवं पिल्लूखेड़ा की ग्राम पंचायतों के लिए मतदान केंद्र स्थापित कर दिए गए थे। जिला जींद के अलेवा, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, जींद, उझाना, सफीदों व जुलाना ब्लॉक में पंच के 75 पद, मेंबर पंचायत समिति के दो पद व सरपंच के छह पदों के लिए उपचुनाव होना है।*

### थुआ, खेड़ीबुल्ला, काब्रछा व गांगोली में हुआ चुनाव

*खंड उचाना के उचाना ब्लॉक व अलेवा ब्लॉक के चार गांव में सरपंची के उपचुनाव को लेकर मतदान हुआ। गांव थुआ में वार्ड नंबर 6, 7, 8, 9 में 5560 मतदाता सरपंच पद के लिए मतदान कर रहे हैं। ढुड़ाना में पंच के लिए वार्ड 10 में 218 मतदाता, खेड़ी बुल्ला के वार्ड 11 में सरपंच पद के लिए 766 मतदाता, काब्रच्छा मे सरपंच पद के लिए 4080 मतदाता अपनी पंचायत को चुनने का काम किया।*



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए दुष्यंत चौटाला। फोटो : हरिभूमि

जजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

# कांग्रेस के पास जिलाध्यक्षों का कोई विकल्प नहीं: दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव झील टावर से पांच बैटरियां गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। टावर कंपनी के मैनेजर कमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी ने गांव झील में टावर लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने टावर से पांच बैटरियों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कमल की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जींद

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमारी आधी उम्र से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन कांग्रेस के पास अपना जिलाध्यक्ष नही है। कांग्रेस के पास कोई विकल्प नही है। फूलचंद मुलाना जब कांग्रेस के अध्यक्ष थे, उसके बाद से आजतक कोई विकल्प कांग्रेस के पास नही है। उनके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्षों की नियुक्ति नही कर पाई। न ही अशोक तंवर कर पाए और न ही अन्य अध्यक्ष कर पाए। राहुल गांधी तो स्वयं अपने लोगों को कह गए हैं कि लंगड़े घोड़े हैं, रेस के नही है। जो नेता अपने कार्यकर्ताओं को लंगड़े घोड़े की उपाधि दें, इससे छोटी सोच और नेता की क्या हो सकती है।

### कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से करेंगे कार्य

*डा. अजय चौटाला के नेतृत्व में जननायक जनता पार्टी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया है। 22 के 22 जिलों में इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। उन्हें विश्वास है कि जो टारगेट अजय सिंह चौटाला ने दिया है, सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ पूरा भी करेंगे और संगठन की ताकत को बढाने का काम भी करेंगे। सांसद जयप्रकाश द्वारा जजपा को भाजपा का पार्ट कहने के सवाल पर दुष्यंत चौटला ने कहा कि आप उनसे यह पूछ लो कि उचाना के अंदर तीसरे नंबर पर आया हुआ उम्मीदवार किस संगठन का पदाधिकारी है।*

# गृह मंत्री बन एसपी रीडर पर दबाव बनाने वाला काबू

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारत का गृह मंत्री बन कर एसपी रीडर को फोन कर काम का दबाव बनाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जंहा से उसे न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। एसपी के रीडर रामनिवास ने गत 13 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह एसपी कार्यालय में अपने काम काज मे व्यस्त था और अपने काम का निपटा रहा था। उसी दौरान उसके सरकारी फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को भारत का गृहमंत्री अमित शाह बताया। जिसके बाद व्यक्ति ने एक काम करवाने तथा एसपी से बात करवाने के लिए दबाव डाला। एसपी रीडर को कॉल करने वाले व्यक्ति पर संदेह हुआ। जिस के बारे में उसने पुलिस अधिकारियों का अवगत करवाया। जब कॉल करने वाले के नंबर को खगाला गया तो वह किसी व्यक्ति का मिला।

# 476 लोगों ने योग मैराथन कुरुक्षेत्र में लिया हिस्सा

- योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन के आयोजन में आयुष विभाग कैथल से 476 लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई योग मैराथन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहे एवं उन्होंने योग मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाते हुए योग मैराथन की शुरूआत की तथा योग युक्त हरियाणा, नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में कैथल आयुष विभाग के स्टाफ सदस्यों, योग व्यायामशालाओ में नियमित योग साधकों ने सुबह सवेरे बसों के माध्यम से पहुंचकर योग मैराथन में हिस्सा लिया।



**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैराथन को हरी झंडी दिखाते हुए।

आयुष विभाग के नोडल अधिकारी एवं आयुष योग सहायक की अध्यक्षता में 7 खंडो से बस योग मेराथन में पहुंची। कैथल में डॉ राजेन्द्र कुमार, संदीप तंवर कलायत में डॉ सुनीता, विजेंदर कुमार, राजौंद मे डॉ रमेश माथुर, देवेंद्र सिंह, पूंडरी में डॉ सौरव, सर्जन सिंह, ढांड में डॉ प्रेमचंद, राजकुमार, सीवन में डॉ प्रदीप शर्मा सत्यवान, गुहला में डॉ विक्रमजीत डोगरा, संदीप राजराणा की देख रेख में योग मैराथन के प्रतिभागियों को गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया।

डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि योग मैराथन में कैथल से प्रतिभागियों को ले जाने का लक्ष्य नशे से दूर रहना है क्योंकि नशा जीवन को तबाह कर देता है, योग ही ऐसा सरल एवं सहज उपाय है जिससे आत्मबल एवं चेतना को विकसित करके नशे से मुक्ति मिल सकती है, युवा को नशे से दूर रहना चाहिए तथा योगमय जीवन बनाकर प्रगति की राह पर बढ़ना चाहिए एवं योग युक्त होंगे तभी नशा से मुक्त होंगे।

# थेह मुकेरिया में युवक की हत्या करने के मामले में तीन आरोपी किए काबू

- युवती से छेडछाड को लेकर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थेह मुकेरिया में युवक की हत्या करने के मामले त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना गुहला पुलिस द्वारा 3 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थेह मुकेरिया निवासी अशोक की शिकायत अनुसार उसके 18 वर्षीय पुत्र जयमल की उनके पड़ोस में रहने वाली एक युवती से बातचीत होती थी। जिस कारण उनके परिवार से उनकी कहासूनी हो गई थी, जो बाद में उन दोनों परिवारों की सुलह भी हो गई। 13 जून की शाम गांव का ही विक्रम उनके घर आया तथा बाहर घूमने के लिए जयमल को साथ ले गया। कुछ देर बाद वह अपने लड़के को देखने सरकारी स्कूल के पास गया तों वहां जयमल बचाओ बचाओ का शोर कर रहा था। गांव वासी सन्नी, प्रवेश, विक्रम, छिंदा जयमल पर ईख काटने वाले औजार व चाकूओ से हमला कर रहे थे। जो उसको देखते ही सभी मौका से हथियारों सहित भाग गए।



**कैथल।** तीनो हत्यारोपी गुहला पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

**राहत** बारिश फसलों के लिए बनी संजीवनी, आगे बने बारिश के आसार, जींद मे आठ एमएम बारिश दर्ज की गई, 24 जून से मानसून के आने की संभावना

# बारिश ने भीषण गर्मी तथा उमस से दिलाई राहत, तापमान में गिरावट, दिनभर मौसम रहा सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को रविवार को सुबह हुई बारिश ने राहत देने का काम किया है। दिनभर आकाश में बादल छाए रहे और हवा की गति तेज तथा कुछ ठंडी रही। जिसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहाना बना रहा। बारिश ने फसलों के लिए भी फायदेमंद है। रविवार को अधिकतम 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 41 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। जींद मे आठ एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। बादलवाई के साथ बारिश की भी संभावना है। तापमान मे भी गिरावट आएगी।





**जींद।** बारिश के पानी के बीच से गुजरते वाहन और बारिश के बाद धान प्योद को को संभालने पहुंचा किसान। फोटो : हरिभूमि

**आंधी के बाद गरज चमक के साथ हुई बारिश :** पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किया हुआ था। तापमान भी 43 डिग्री के आसपास जा रहा था। बीती मध्यरात्री के बाद मौसम ने तेजी से करवट ली। जिसके बाद आंधी शुरू हो गई। जिसके चलते बिजली भी गुल हो गई। फिर आकाश में बादल घिर आए और बारिश शुरू हो गई। जो सुबह तक जारी रही। रविवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा सुहाने मौसम के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल हल्के हो गए। हवा की गति भी कुछ तेज रही। राहत की बात यह रही कि हवा गरम नही थी। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। बादलों को आवागमन भी आकाश में लगा रहा।

**बारिश बिजी गई फसलों के लिए बनी संजीवनी :** तापमान ज्यादा होने के कारण फसलों पर विपरित प्रभाव पडने लगा था। फसलें झुलसने लगी थी। पनीरी पर अच्छा खासा प्रभाव देखने को मिल रहा था।

## बूंदाबांदी ने दिलाई गर्मी से राहत

### कहां हुई कितनी बरसात

| | |
|---|---|
| सीवन | 23 एमएम |
| राजौंद | 00 एमएम |
| कैथल | 0.5 एमएम |
| गुहला | 00 एमएम |
| कलायत | 00 एमएम |
| पूंडरी | 00 एमएम |
| ढांड | 00 एमएम |

**कैथल।** जिले में मौसम विशेषज्ञों के पूर्वानुमान से पहले ही रविवार को मौसम ने करवट ले ली तथा रविवार अल सुबह को बरसात शुरू हो गई। इससे गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। अधिकतम तापमान एक डिग्री घटकर 38 और न्यूनतम तापमान दो डिग्री घटकर 28 डिग्री पर आ गया है। मौसम विशेषज्ञों ने अगले कई दिन तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। दक्षिणी पश्चिमी व पूर्वी हवाओं के चलने से दिन के तापमान में गिरावट आई है। उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत मिल है। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो प्रदेश में 24 जून से मानसून के आने की संभावना है। रविवार सुबह से ही मौसम बदल गया था जिससे आसमान में बादलवाही छाई हुई थी और सुबह 9 बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इससे मौसम में ठंडक आ गई और लोगों को गर्मी से भी राहत मिली।



**कैथल।** कैथल के नवग्रह चौक पर चल रही बूंदाबांदी

### मौसम शुष्क रहेगा

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि 18 जून से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे धूलभरी हवा और बूंदाबांदी के आसार है। उन्होंने बताया कि एक-दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि इसके बाद तापमान थोड़ा गिर सकता है। उन्होंने बताया कि 18 से 23 जून को एक और पश्चिमी विक्षोभ मौसम बदलने की संभावना है।

रविवार को अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 28 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, किसान भी अब धान की बिजाई कर सकेंगे। बारिश होने पर सिंचाई में फायदा होगा। यहां बता दे कि पिछले एक पखवाड़े से लोगों को गर्मी बढ़ने से परेशानी हो रही थी। तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था।

## खबर संक्षेप


जींद। ईशिता का फोटो।

### ईशिता ने हासिल किया 15945वां रैंक

**जींद।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से शनिवार को घोषित नीट यूजी टैस्ट 2025 के रिजल्ट में पूर्व बीईओ किताबसिंह भनवाला के भतीजे की बेटी ईशिता ने आल इंडिया में 15945 रैंक पाकर सरकारी मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए सीट पक्की की है। ईशिता के पिता नरेश भनवाला दिल्ली सरकार में पीजीटी और माता ज्योति पीजीटी के पद पर कार्यरत हैं। ईशिता ने बारहवीं कक्षा सीबीएसई बोर्ड से 97.6 प्रतिशत अंक लेकर डीपीएस रोहणी (दिल्ली) से पास की थी। नरेश भनवाला मूल रूप से सिवाहा गांव के के रहने वाले हैं। किताब सिंह भनवाला ने बताया कि ईशिता की इस सफलता पर हमारे परिवार व गांव में खुशी की लहर है।

### फन फेयर मेले की हुई शुरुआत

**जींद।** पुराना बस अड्डा ग्राउंड में सिंगापुर कार्निवल मेले की शुरूआत नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार शिरकत की और सभी ने रिबन काट कर मेले की शुरूआत की। उनके साथ पत्नी सीमा भोला, ऊषा नारंग, अर्षति, रितेन, कार्तिक मौजूद रहे। यहां शहर के लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं। इस बार इस मेले की खासियत यह है कि मेले की थीम सिंगापुर शहर पर है। इसके साथ ही लोगों को जागरूकता करने के लिए भी मेले में कई तरह के आइटम पेश किए जा रहे हैं। मेले के शुभारंभ पर डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि आज भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अपने लिए कुछ पल निकाल लें।

### विश्व योग दिवस पर लें बढ़ चढ़कर भाग

**जींद।** मैढ सुनार सभा ने आह्वान किया कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस पर योग कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें। प्रधान सत्यनारायण सोनी ने बताया कि विश्व योग दिवस मे भाग लेने के लिए सभा के पदाधिकारी लोगों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

### सम्मान समारोह में बोले राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा

# शहीदों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता रखना हमारा दायित्व

- कांग्रेस 11 साल में संगठन बनाने में उलझी, हमने तीन बार सरकार बना दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मंच पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को मांग पत्र सौंपते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रविवार को सफीदों उपमंडल के कालवा गांव के ययाति सूर्य कुंड मंदिर परिसर में पहुंचे। यहां पहुंचने राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद ने भी ग्रामीणों से गर्मजोशी से मुलाकात की। राज्यसभा सांसद यहां शहीदों की याद में मनाए जाने वाले कार्यक्रम शहीदों की स्मृति में सम्मान समारोह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने लोगों से रूबरू होकर समस्याएं भी सुनी। यहां उन्होंने अपनी सांसद निधि से जगह दिलवाने व सूखा चारा रखने के लिए निर्माण भी करवाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे देश की रक्षा के लिए अपनी जान न्यौछावर करते हैं। ऐसे में हमारा फर्ज है कि हम शहीदों की शहादत को याद रखें। सरकार तो अपना काम कर देती हैं लेकिन समाज शहीदों के लिए क्या कर सकता है, इस बारे में उन्होंने विचार किया है। हम सबका दायित्व बनता है कि देश पर अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों के प्रति हम संवेदनशील रहें। उन्होंने अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मृतक परिवारों को भगवान इस दुख की घड़ी का सामना करने की शक्ति दे। ईडब्ल्यूएस को लेकर मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में है।

कांग्रेस के संगठन बनाने को लेकर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि 11 साल में कांग्रेस अपना संगठन नही बना सकी लेकिन हमने तीन बार अपनी सरकार बना दी। उन्होंने कहा कि वो यहां पहली बार आए हैं और उन्हें यहां बहुत प्यार और आर्शीवाद मिला है। ऐसा लगा ही नही कि वो पहली बार आए हैं। कार्यक्रम में आने का उद्देश्य शहीदों का सम्मान करना था। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हमे सचेत होकर अपना काम करने की जरूरत है। सबको साथ लेकर और समाज को इक_I करने की जरूरत है। जब हम एकत्रित होंगे, एक होंगे तो हमारी आवाज बुलंद होगी। इस मौके पर हरीराम दीक्षित, सियाराम शास्त्री, प्रमोद कौशिक, सोनू शर्मा, राधेश्याम शर्मा, कालवा के सरपंच शैलेंद्र, जुलाना ब्राह्मण सभा के प्रधान रोहताश, देवेंद्र शर्मा, रामफल शर्मा, नारायण दत्त सहित अनेक गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# नीट में आरपीएस के 102 विद्यार्थियों ने हासिल किए 500 से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। छात्रा को बधाई देते शिक्षक एवं अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। नीट की परीक्षा में आरपीएस ग्रुप के सारिका ने 720 अंकों में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86, इकलव्य सिंह ने 616 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 364, गोपेश शर्मा ने 609 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 550, रनित ने 607 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 292 प्राप्त किए हैं। इसके अलावा कशिश ने 597 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 508, प्रथम कुमार ने 592 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 653, दिपांशु ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1338, दिपेश ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1322, आरती ने 586, जानवी ने 585 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1528, कनिष्का ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1204, हिमानी ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1251, तनिशका जैन ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1743, साहिल ने 580 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1308, गौरव ने 580 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 299, हिंदवी ने 579 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1882, रितु ने 578 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1418, पूजा ने 578 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1449, चचंल ने 577 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3947, हर्षित ने 576 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 97, स्नेहा ने 575 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 378, अनुज ने 574 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1757, निशा ने 574, आर्या यादव ने 572 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1982, अक्ष यादव ने 571 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2097 हासिल की।

#### छात्रों ने मनवाया लोहा

*हर्षित यादव ने 566 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2538, निष्ठा ने 566, सुर्यपाल ने 565 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2655, दिपेश तायल ने 565 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 3219, रेहा ने 564 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3306, तमन्ना यादव ने 564 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2912, निकिता यादव ने 564, वंश मितल ने 563 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3419, शुभम ने 562 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3176, साईना ने 561 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3350, साक्षी ने 560 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3804, रोहित ने 557 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3873, आदिती ने 553 अंकों के साथ 4941 हासिल की।*

# नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- नेहा ने 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


नेहा


खुशी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541, सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, के बल पर जीवन में बड़ी से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# समाज कल्याण अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कई परियोजनाओं की शुरुआत की

- नरवाना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और 28 करोड़ की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


जींद। विकास परियोजना का उद्घाटन करते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

रविवार को समाज कल्याण अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी पुर्णत्या व्यस्त दिखाई दिए। सबसे पहले वे डेरा? बाबा गैबी साहब मंदिर पहुंचे जहां पर उनके जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। उसके बाद छोटूराम पार्क पीछे 1.5 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवर लाइन व सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है उसका नींव पत्थर रखा गया। उसके बाद नागरिक अस्पताल नरवाना में पहुंचे जहा पर दाखिल मरीजों को फल वितरित किए। नागरिक अस्पताल के बाद उनका काफिला सिंह सभा गुरूद्वारा पहुंचा जहां पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई थी उन्होंने अपने हाथों से लोगो को रूह अफजा शरबत पिलाया। उसके बाद दबलैन रोड पर बन रहे पुल पर पहुंचे और वहां पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गयाए उन्होंने ने अपने सदेश में कहा कि इस पुल विधिवत रूप मे उद्घाटन तो मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा, वो तो आम जनता की परेशानी को देखते हुए सिर्फ जनता को सुपूर्द कर रहे हैं। इसके बाद एसडी कन्या महाविद्यालय में जनसभा को संबोधित किया।

### महिला की मौत के डेढ़ माह बाद बाइक व ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों में लगभग डेढ़ माह पहले सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में शहर थाना सफीदों पुलिस ने बाइक चालक तथा अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बाइक चालक पर आरोप है कि मृतका के परिजनों को गुमराह कर एक लाख रुपये में समझौता किया है। गांव नंदगढ़ निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 अप्रैल को उसकी मां राजबाला गांव के ही राकेश के साथ बाइक पर सफीदों पूजा अर्चना के लिए गई थी। सफीदों बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें घायल होने पर 22 अप्रैल को खानपुर पीजीआई में उसकी मां की मौत हो गई थी। जबकि बाइक चालक राकेश को भी चोटें आई थी। ट्रैक्टर चालक फरार हो गया था। बाइक चालक राकेश तथा अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दाखिले की दौड़ : अब 16 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे


जींद। आवेदन करने आई छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**नरवाना।** उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब 16 जून आवेदन की अंतिम तिथि रहेगी। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में बी ए ए बीकॉमए मेडिकलए नॉन मेडिकलए बीटीएमए बीबीएए बीसीएए ऑनर्स इन इंग्लिशए ऑनर्स इन पॉलिटिकल साइंसए ऑनर्स इन मैथमेटिक्सए ऑनर्स इन फिजिक्सए ऑनर्स इन ज्योग्राफी कोर्सेज में दाखिले खुले हैं। स्नातक स्तर के दाखिलों के लिए विद्यार्थियों को दाखिले से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रोफेसर मोहित के निर्देशन में एक कमेटी का गठन किया गया हैए जो लगातार फार्म की कमियों को दूर कर रही है। किसी कारण विद्यार्थी सीएससी सेंटर पर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं तो उन विद्यार्थियों के लिए भी महाविद्यालय में सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि आवेदनकर्ताओं के फार्म की विभिन्न कमेटियों द्वारा ऑनलाइन वेरिफिकेशन साथ.साथ की जा रही है। जिन विद्यार्थियों के आवेदन में कोई कमी नजर आती है तो तुरंत उन विद्यार्थियों से संपर्क करके उनको दूर करवाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय गोशाला कर रही सराहनीय कार्य : शमशेर


जींद। निरीक्षण करते गौशाला संघ प्रदेशाध्यक्ष शमशेर आर्य व अन्य गोभक्त।

**जींद।** हरियाणा राज्य गौशाला संघ के प्रदेशाध्यक्ष शमशेर आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय गौशाला धडौली की कार्यकारिणी बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। अन्य लोगों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। आर्य रविवार को राष्ट्रीय गौशाला में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। शमशेर आर्य ने गौशाला समिति द्वारा आधुनिक विधि से बनाए गए गौशाला शैडो का निरीक्षण, अवलोकन करने के बाद गौशाला में पंचगव्य उत्पाद व नस्ल सुधार के कार्यों का भी अवलोकन किया। आस पड़ोस के 40 गांव के ग्रामीणों के सहयोग से गौशाला कार्यकारिणी के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर गौशाला कार्यकारिणी के प्रधान यज्ञमुनि ने बताया कि गौशाला में 2300 के लगभग गोवंश है। जिसके चारे इत्यादि की व्यवस्था पर प्रतिवर्ष लगभग दो करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है। जो ग्रामीणों के दान सहयोग से प्राप्त होता है। गौशाला समिति के संयोजक एडवोकेट वेदपाल ने बताया कि हाल ही में गौभक्त राजीव गुलाटी द्वारा लगभग एक करोड़ की लागत से तथा राजीव बंसल द्वारा लगभग 80 लाख रुपये लागत से दो शैडों का निर्माण किया गया है।

### कला के माध्यम से समाज को जोड़ रही सोसायटी : मिड्ढा


जींद। सोसायटी पदाधिकारियों के साथ मौजूद डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

**जींद।** सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसायटी निरंतर कला और सामाजिक क्षेत्र में जागरूकता और सृजनात्मकता के लिए कार्यरत है। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए सोसाइटी ने कला महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों के लिए कौशलश्री सम्मान की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जींद नगर के लिए यह गौरव का विषय है कि यह संस्था न केवल कला के माध्यम से समाज को जागृत कर रही है बल्कि अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह कार्य अखिल भारतीय स्तर पर सराहनीय है। इस वर्ष ब्रह्मलीन डा. हरिचंद मिड्ढा की पुण्य स्मृति में प्रतिष्ठित चित्रकारों राजा रवि वर्मा, अमृता शेरगिल, एसएम पंडित आदि के नाम पर कुल 1.5 लाख की छात्रवृत्तियां प्रदान की जाएंगी। समिति के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी संस्था हर वर्ष कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करती है।

### हरफूल जाट जुलानी गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**जींद।** हरफूल जाट जुलानी गांव में श्री राजबीर सिंह सहारण के 69वें जन्मदिन के अवसर पर एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर बीएलके मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. बक्शीश, डॉ. श्याम बहादुर और मार्केटिंग मैनेजर सुमित मग्गू मौजूद रहे। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, बीएमडी, ईसीजी, आरबीएस और बीएमआई जैसी जांचें की गईं तथा दीपक जांगड़ा द्वारा मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह सहारण, सरपंच नरेश, ब्लॉक समिति सदस्य संदीप सहारण, जगबीर सिंह सहारण, रोशन सिंधु और कर्मबीर सिंह ने उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## धर्म-कर्म

### दुर्गा मंदिर में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन, मुक्तानंद महाराज बोले

# सनातन धर्म में गुरु का स्थान सबसे उत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


जींद। आर्शीवाद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दुर्गा मन्दिर ट्रस्ट व गीता सत्संग मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में गुरु पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दोनो संस्थाओं के सदस्यों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्री श्री 1008 मुक्तानंद महाराज का पूजन किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा सनातन धर्म में गुरु का स्थान सबसे उत्तम है।

अनेक भक्ति संतों ने तो गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया है। जो मनुष्य परमात्मा का साक्षात्कार करना चाहता है, उसके लिए गुरु सहायक व साधन है। वह मनुष्य के मन से मैल दूर करके उसे निर्मल बनाता है। वह शिष्य की आध्यात्मिक उन्नति के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। इसलिए गुरु में आस्था परम मिलन की पहली सीढ़ी है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से अपने सामाजिक दायित्वों का भी निष्ठा से पालन का आह्वान किया और सभी के सुख .समृद्धि की मंगल कामना भी की। इस अवसर पर समस्त गीता परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। ट्रस्ट के प्रधान नरेश धरौदी वाले की ओर से सभी का स्वागत व आभार प्रकट किया गया।



### मुकेश यादगार समिति की मासिक बैठक संपन्न

**नरवाना।** मुकेश यादगार समिति के सदस्यों की मासिक बैठक हुई जिसमें मंच संचालन सुदर्शन सिंगला ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत समिति अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने की। हर मास की भांति इस मास भी समिति में दो नए सदस्य परिवारों का आगमन हुआ। मिति संरक्षक डॉ. सुदर्शन सिंगला ने शहर के प्रबुद्ध मुकेश गोयल और अभिनव गुप्ता को सपरिवार समिति की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान अध्यक्ष अवधेश शर्मा, शमशेर नैन, संजय गोयल, राघव सिंगला, रमेश वर्मा सुभाष गोयल, बलजीत जांगड़ा, डॉ. सुदर्शन सिंगला, प्रमोद सिंगला, सुदर्शन सिंगला, गौरव शर्मा, सचिन शर्मा, रामकुमार, करमजीत शर्मा, सुदेश कुमार ने प्रस्तुति दी।

# लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी के विरोध में एसो. सीएमओ को सौंपेगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बहुउद्देश्यीय वर्ग देगा शत-प्रतिशत भागीदारी**

बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने बताया कि एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की रोहतक में हुई बैठक में कई अहम फैले लिए गए हैं। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों की स्कूलिंग के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व महासचिव सत्यपाल सिवाच एवं स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा के प्रधान राममेहर वर्मा पहुंचे। सिवाच और वर्मा ने अपने सांगठनिक अनुभवों के साथ तमाम सांगठनिक पहलुओं की जानकारी प्रदान की एवं वर्तमान सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों एवं उनके खतरों से अवगत कराया। कन्वेंशन के बाद राज्य कमेटी की मीटिंग में लिए गए अहम फैसलों के जानकारी देते हुये महासचिव सत्यपाल सिवाच ने बताया कि बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से बहुउद्देश्यीय वर्ग की लम्बित जायज मांगो के लिए संघर्षरत रही है लेकिन सरकार व अधिकारियों की टरकाऊ व उपेक्षा भरे रवैये के चलते परिस्थितियों शून्य बनी रही है। जिसके चलते बहुउद्देश्यीय वर्ग के कर्मचारियों में भारी रोष बना हुआ है। सरकार ने वर्तमान में लाईव लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी के कर्मचारियों की निजता पर हमले जैसे नागवारा आदेश जारी किए हैं जो कि भारत वर्ष के संविधान व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व टिप्पणी की उल्लंघना व कर्मचारी की व्यक्तिगत निजता पर हमला है। जिसकी बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन निन्दा करते हुए विरोध दर्ज करवाती है। जिसके लिये बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन 25 जून तक सिविल सर्जन के माध्यम से इन आदेशों को रद्द करवाने के लिए ज्ञापन सौंपेगी।

**खबर संक्षेप**

### पब्लिक हित में लगातार सक्रिय चौकी प्रभारी बहादुर सिंह



**पूंडरी।** पुलिस चौकी प्रभारी बहादुर सिंह ने पदभार संभालने के बाद से ही जनहित में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते हुए एक के बाद एक साहसिक कार्रवाइयों से अपनी कार्यशैली की मिसाल पेश की है। ताजा मामला बुधवार देर रात का है, जब उन्होंने रात करीब 3 बजे 40 फूटा रोड पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए चार व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### ट्रक की चपेट में आने से कार चालक घायल

**कैथल।** गांव क्योडक के निकट ट्रक की चपेट में आने से एक कार चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में गांव अटेला के राजबीर ने पुलिस को दीशिकायत में आरोप लगाया है कि वह 12 जून के अपने भतीजे टिन्कु की कार मांगकर पेहवा गया था। बाद दोपहर करीब 2 बजे दोपहर जब वह वापिस पेहवा से कैथल की तरफ आ रहा था तो गांव क्योडक के पास मेरी गाडी को पिछे से आ रहे एक ट्रक के चालक ने अपने ट्रक को लापरवाही से चलाकर पिछे से टक्कर मार दी।

### मृतक आत्माओं की शांति के लिए किया यज्ञ

**जींद।** विश्व हिंदू परिषद व समस्त हिंदू समाज की तरफ से कर्णावती (अहमदाबाद) में हुए विमान हादसे में जिनका असामायिक निधन हुआए, उन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना ने कहा कि आज समस्त हिंदू मानस इस घटना से शोकाकुल है। यही हिंदुत्व है यही जीवनदर्शन है। जिन बहन बंधुओं का इस दुर्घटना में निधन हुआ उनसे रिश्ते न होते हुए भी हमें वे अपने से लगते हैं, उनके परिवारों का करुण कृन्दन से ह्रदय बड़ा ही व्याकुल है।

### निपुण हरियाणा के तहत शिक्षकों को दे रहे प्रशिक्षण

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत आयोजित अंतिम फेज मे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्राथमिक शिक्षकों ने शिक्षण को आधुनिक रणनीतियों, नवाचारों और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर चर्चा की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक दक्षता को सुदृढ़ किया जा सके व हर बच्चा निपुण बन सके। जिला एफएलएन कोआर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया की इस समय जिले में आठ प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों के 320 प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं।

### जनवादी लेखक संघ ने आयोजित की विचार गोष्ठी

**जींद।** शिव कालोनी के अक्षर भवन में जनवादी लेखक संघ जींद की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें संत कबीर का सामाजिक चिंतन विषय पर डा. कपिल भारद्वाज ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राममेहर सिंह खर्ब ने व संचालन जिला सचिव मंगतराम शास्त्री ने किया।

---

लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

# जरूरत पड़ने पर अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति तक उपलब्ध होगी सूचना

**जब-जब किसी विषय पर समाज की आवश्यकता पड़ी, इसी समाज ने आगे बढ़कर मेरा साथ दिया: कर्मबीर सैनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी का चंदाना गेट स्थित सैनी भवन में रविवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा की जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी ने भाग लिया। सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. सीबी सैनी, पूर्व प्रधान बीरभान सैनी, बहादुर सैनी, संदीप सैनी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने उनका शॉल व फूल मालाओं से स्वागत किया।

कर्मबीर सैनी ने कहा कि वे सम्मान समारोह के लिए समाज के आभारी हैं। गर्व होता है, जब समाज द्वारा मान-सम्मान किया जाता है। यह जो ताकत आज मिली है, वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से मिली है। उन्होंने कहा कि जब-जब किसी विषय पर समाज की आवश्यकता पड़ी, इसी समाज ने आगे बढ़कर मेरा साथ दिया। उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है, वह सेवा की दृष्टि से एक अहम जिम्मेवारी है। वे विश्वास दिलवाते हैं कि सेवा कार्य में किसी तरह की कमी नहीं आने देंगे। सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी ने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को यदि किसी सूचना की जरूरत पड़ती है तो उसे सूचना दिलवाई जाएगी।

यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ एक्ट के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को निरक्षरता, दहेज जैसी सामाजिक बुराईयों के खात्मे की दिशा में काम करना चाहिए। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में व्यवस्था बदल गई है। इसीलिए बच्चों की पढ़ाई पर जोर दें। उन्हें अधिक से अधिक शिक्षित बनाएं। ताकि योज्य बच्चे अपने आप रोजगार हासिल कर सकें। आज समाज आगे आ रहा है। सरकारों में पद मिल रहे हैं। इन सभी पदों का संयम के साथ सम्मान करते हुए 36 बिरादरी के विकास की दिशा में काम करें।



**कैथल।** हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**हरियाणा देश का नंबर वन राज्य बनने की ओर अग्रसर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कर्मबीर सैनी का अभिनंदन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में आज हरियाणा देश का नंबर वन राज्य बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में पार्षद लीलू सैनी, राज सैनी, रामफल सैनी, मोनू सैनी, सरदार रामस्वरूप सैनी, संदीप सजूमा, लछमन सैनी, संदीप सैनी, शशि सैनी, पहलवान कृष्ण सैनी आदि उपिस्थत थे।

---

# गुरु के वचनों का करें अनुसरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** प्रवचन करती कात्यायनी भारती। *फोटो : हरिभूमि*

आरकेएसडी कॉलेज के सामने प्रोफेसर कॉलोनी में दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की तरफ से आज भव्य सत्संग किया गया उसमें श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या सुश्री कात्यायनी भारती ने आज गुरु वचनों पर विश्वास की महत्ता को बताया उन्होंने आगे गुरु वचनों पर अटूट विश्वास के उदाहरण देते हुए समझाया किगुरु वचनों पर विश्वास गुरु वचनों पर विश्वास किसी भी शिष्य की आध्यात्मिक यात्रा का मूल स्तंभ होता है।

यह विश्वास केवल एक भावनात्मक लगाव नहीं, बल्कि एक दृढ़ निश्चय और समर्पण की भावना है, जो शिष्य को अपने जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करता है। जब एक शिष्य अपने गुरु के वचनों को पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ स्वीकार करता है, तो उसका मन संदेह, भ्रम और द्वंद से मुक्त हो जाता है। वह जानता है कि उसका गुरु जो कुछ कह रहा है, वह केवल अनुभव पर आधारित सत्य है। जैसे एक नेत्रहीन व्यक्ति अंधकार में हाथ पकड़कर चलने वाले मार्गदर्शक पर पूर्ण विश्वास करता है, वैसे ही एक शिष्य गुरु वचनों को जीवन का प्रकाश मानकर उनका अनुसरण करता है।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ उठाएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जहां शादी के खर्च को उठाना मुश्किल होता है। डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों के लिए अनुदान राशि निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति और विमुक्त जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है।

## जिले में शांति पूर्वक हुआ पंचायती राज संस्थाओं का उप चुनाव

**कैथल।** प्रीतिग्राम पंचायत शेरगढ़ में किताब सिंह तथा जाखौली कमान में जितेंद्र कादयान ने जीता सरपंच का उप चुनाव हरिभूमि न्यूज़. कैथल जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के पद के लिए रविवार को उप चुनाव शांति पूर्वक एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। शेरगढ़ ग्राम पंचायत मे किताब सिंह सरपंच चुने गए, उन्हें कुल 350 वोट प्राप्त हुए। उन्होंने सतबीर सिंह को 42 वोटों से हराया। वहीं जाखौली कमान ग्राम पंचायत में जितेंद्र कादयान सरपंच चुने गए, उन्हें कुल 1508 वोट मिले।

---

# वृद्ध व्यक्तियों से दुर्व्यवहार गंभीर समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मेहला के आदेसानुसार रविवार को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया । इसके तहत वृद्ध आश्रम सनातन धर्म मंदिर सभा स्थलऔर जिले के विभिन्न गांवों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता पैनल अधिवक्ता अरविंद खुरानिया जी रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवम सचिव कंवल कुमार ने बताया कि वृद्ध व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। यह दुर्व्यवहार शारीरिक, भावनात्मक और आर्थिक हो सकता है। वृद्ध व्यक्ति अकसर अपने परिवारों, देखभाल करने वालों या संस्थानों में दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का उद्देश्य वृद्ध व्यक्तियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह दिन लोगों को वृद्ध व्यक्तियों के प्रति अधिक सहानुभूति और सम्मान रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुफ्त कानूनी सहायता के टोल फ्री नंबर 15100 पर बात की जा सकती है।


**कैथल।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर बुजुर्गों को संबोधित करते अधिवक्ता अरविंद खुरानिया। *फोटो : हरिभूमि*

# राष्ट्रीय चिंतन शिविर हरिद्वार में 19 से 21 जून तक

- देश भर के किसानो को संगठित करके करेंगे आगामी आदोलन का ऐलान : विक्रम कसाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की जिलास्तरीय बैठक नीम साहिब गुरूदारा मे जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसमे युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) का राष्ट्रीय चितनं शिविर 19जून से 21जून तक लाल कोठी (हरिद्वार) मे होगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करना व देश भर मे किसानो की समस्याओ को लेकर चर्चा होगी। शिविर मे देश के कोने कोने से किसान भाग लेगे। इस शिविर को लेकर किसानो मे भारी उत्साह है। कैथल जिले से सैकड़ो की संख्या मे किसान चिंतन शिविर (हरिद्वार) मे भाग लेगे। प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका ने कहा कि देश के किसानो की आर्थिक हालत बडी दयनीय हो चुकी है,हर रोज सैकड़ो किसान कर्जा के कारण आत्महत्या कर रहे है लेकिन सरकार किसानो का कर्जा माफ ना करके अपने कार्पोरेट मित्रों को कर्जा माफ करने का काम कर रहे है। सरकार किसान से जमीन छीन कर उनको मजदूर बनाना चाहती है। इन सभी समस्याओ को लेकर देश के किसानो को संगठित होकर लडाई लड़नी पडेगी। सरकार ने खेतो के लंबित ट्यूबवेल कनैक्शन जल्द जारी नही किये पूरे प्रदेश के किसान भी सड़को पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होगे।


**कैथल।** बैठक में विचार विमर्श करते भाकियू नेता व पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**15 जून से धान का सीजन शुरू**

युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा किनये ट्यूबवैल कनैक्शन ना मिलने के कारण किसान हताश व परेशान हो चुके हैं लेकिन सरकार द्वारा हर दिन कोई ना कोई शर्त लगाकर ट्यूबवैल कनैक्शन ना देकर किसानो को तंग व परेशान किया जा रहा है। 15 जून से धान का सीजन शुरू हो जायेगा तो किसान अपने खेतो मे धान लगाने के लिए पानी छोड़ देगे तो नये ट्यूबवैल कनैक्शन का काम नही हो पायेगा।

---

# सोनू का लेफ्टिनेंट के चयन पर किया भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के गांव बालू में लेफ्टिनेंट पद पर पदोन्नति पाने वाले सोनू का भव्य अभिनंदन किया गया। बिढाण पट्टी में आयोजित इस कार्यक्रम में सैनिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चे शामिल हुए।

बेटे सोनू के सिपाही पद पर भर्ती होकर कुशलतापूर्वक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लेफ्टिनेंट पद पर पहुंचने से हर कोई हर्षित नजर आया। बालू गांव में पहुंचने पर युवाओं के मोटर साइकिल सवार कारवां द्वारा गाजे-बाजे से सोनू का स्वागत किया गया। स्वागत का सिलसिला पड़ोस के गांव गांव कसान से शुरू हुआ जो कई किलोमीटर तक उत्साह एवं उमंग के साथ जारी रहा। गांव में पहुंचने पर शहीद सिपाही कर्मचंद स्मारक पर पूर्व सैनिकों वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर शहीद सिपाही कर्म चन्द, शहीद सिपाही नफे सिंह व शहीद कैप्टन पुनम रानी को माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए गए। उपरांत सामाजिक एवं धार्मिक रिवायत अनुसार अपने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना हुई।


**कलायत।** गांव बालू में लेफ्टिनेंट सोनू का स्वागत करते विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग।

**ग्रामिणों ने सोनु का किया स्वागत**

एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने लेफ्टिनेंट सोनू को घर पहुंचने पर पूर्व सैनिकों ने फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके पलकों पर बैठाया। इस दौरान बालू खाप प्रधान रामचंद्र के साथ-साथ विभिन्न संगठनों और 36 बिरादरी से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की धरती से उठकर महत्वपूर्ण पद पर पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करता रहेगा। इससे देशभक्ति का जज्बा पैदा होगा और नशे एवं अन्य बुराईयों से युवा दूर रहेंगे। वो दिन दूर नहीं जब ग्रामीण अंचल के बच्चे आइएएस, आइपीएस व अन्य महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देंगे।

# छात्रों के प्रदर्शन में पहुंचे विधायक

- सतपाल जांबा ने छात्रों को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कौल में बीते पांच दिनों से लगातार चल रहे छात्र-छात्राओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन में रविवार को पुंडरी से विधायक सतपाल जांबा पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों से मुलाकात की और उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना।

छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधायक जांबा ने छात्रों की मांगों को /"पूर्णतः जायज़/" करार देते हुए कहा कि इस विषय पर उनकी पहले ही हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से बातचीत हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि आगामी मंगलवार को मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठक प्रस्तावित है, जिसमें इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विधायक जांबा ने यह भी कहा कि, "जैसे पहले छात्रों को छात्रवृत्ति मिलती थी, उसे उसी प्रकार बहाल किया जाएगा और गांव कौल के लिए जो सीट आरक्षित थी, उसे भी पूर्व की भांति यथावत रखा जाएगा।" विधायक ने छात्रों पर हाल ही में हिसार में हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की।


**ढांड।** विधायक सतपाल जांबा कौल में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए।

---

# पूर्व मंत्री स्व. नरसिंह ढांड़ा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी नरसिंह ढांड़ा की जयंती पर पैतृक गांव खेड़ी सिम्बलवाली में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पर उनकी पत्नी पूर्व मंत्री कमलेश ढांड़ा ने परिवार एवं कार्यकर्ताओं संग नरसिंह ढांड़ा को श्रद्धांजलि दी। बता देंकि नरसिंह ढांडा देवीलाल के नौ रतनों में शामिल रहे। वे खाद्य आपूर्ति , जेल, समाज कल्याण, वन, मत्स्य मंत्री भी रहे । नरसिंह ढांडा उस समय पाई विधानसभा क्षेत्र से दो बार 1982 तथा 1987 में विधायक रहे। उन्होंने 1982 से 2009 तक सभी विधानसभा चुनाव लड़े। 1989 में जब कैथल को जिला बनाया गया तो कैथल में सुगर मिल लगवाने से लेकर इतिहासिक विकास कार्य किए। 13 दिसंबर 2009 को बीमारी के चलते देहांत हुआ ।इस अवसर पर राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पंचाल, कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, बालू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, जखोली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक, जिला उपाध्यक्ष कुलविंदर राणा, माजरा सरपंच मुकेश, खेड़ी सरपंच राममेशर, डॉ संजय राणा एम सी, कर्मपाल एम सी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित, महिपाल राणा, बलविंदर दीक्षित, लोकेश राणा, बलजीत ढांड़ा पूर्व सरपंच, लोकेश राणा, तुषार ढांड़ा, परिवार एवं पार्टी के लोग उपस्थित रहे।


**राजौंद।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय नरसिंह ढांडा को श्रद्धांजलि अर्पित करती पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**प्राचीन श्री कपिल मुनि मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा**

# भगवद गीता मार्गदर्शन देने वाला ग्रंथः कृष्णा नंद

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में बड़ी चौपाल के पास स्थित श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर परिसर में रविवार को एक सप्ताह चलने वाले श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ धार्मिक कार्यक्रम की भव्य रूप से शुरूआत हुई। व्यवस्थापक सोनू वृजवासी और पुजारी लोकेश शास्त्री के सुझाव पर तय कार्ययोजना अनुसार पहले नगर में महिलाओं ने शोभा यात्रा निकाली। यात्रा प्राचीन श्री कपिल मुनि मंदिर से चली। यात्रा के दौरान गली, सडक़ों, बाजारों व आवासीय क्षेत्रों में मंगल गीतों की गूंज सुनाई पड़ी। महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उपरांत श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में कथा व्यास कृष्णा नंद महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाने का क्रम शुरू किया। इसमें मुख्य यजमान के तौर पर सोनू राणा मौजूद रहे। कृष्णा नंद महाराज ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ और आयोजन भारतीय संस्कृति की शोभा हैं। धार्मिक ग्रंथ मानव जीवन को आदर्श जीने जीने की राह दिखाते हैं। इनके माध्यम से जो शिक्षाएं प्राप्त होती है उससे आपसी सौहार्द, भाईचारा, एकता और राष्ट्र प्रेम का संदेश हमेशा दिया जाता रहा है।



**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में शोभा यात्रा की शुरूआत करते श्रद्धालु।

**विमान हादसे ने भारत को शोक में डुबोया**

विमान हादसे ने भारत को शोक में डुबो दिया। दुर्घटना इतनी भयावह रही थी कि विमान पूरी तरह जलकर राख हो गया। मलबे में सिर्फ धुएं और बर्बादी के निशान बचे थे। कितनी विचित्र बात रही कि तबाही के बीच एक चमत्कारिक घटना ने हर किसी को चौंका दिया। मलबे से भगवद गीता की एक प्रति पूरी तरह सुरक्षित अवस्था में मिली। यह कोई साधारण बात नहीं थी। जिस स्थान पर सब कुछ जल गया वहां एक धार्मिक ग्रंथ का एक भी पृष्ठ न जलना, न फटना और उसका पूरी तरह से पढने योग्य रहना ईश्वरीय संकेत बन गया। इस घटना ने न केवल बचावकर्मियों को हैरान किया बल्कि देशभर में आस्था और श्रद्धा की भावना को और गहरा कर दिया। कृष्णा नंद महाराज ने कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है। यह जीवन जीने की कला, कर्तव्य, भक्ति, आत्मा और मोक्ष के विषय में मार्गदर्शन देने वाला ग्रंथ है।

## खबर संक्षेप

### सोलर सिस्टम लगा खुद की ऊर्जा जरूरत करें पूरी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय सालाना आय 1.80 लाख से कम आय वाले परिवार जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल केंद्र के 60 हजार व हरियाणा से 50 हजार कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं ।



### बाइक चोरी का आरोपी काबू, बाइक बरामद

**कैथल।** एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव फ्रांसवाला निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। अम्बेडकर नगर निवासी लक्ष्य ने 22 मार्च की शाम खुराना रोड़ कैथल स्थित पवन वाटिका के पास से बाइक चोरी की शिकायत की थी। जांच के बाद आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई।

### नगदी और जेवर के साथ युवती तथा महिला गायब

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 जून को उसकी बहन घर एक लाख 65 हजार, सोना, चांदी के जेवरात के साथ गायब हो गई। गांव हरिगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर को उसकी पत्नी 5500 रुपये के साथ घर से गायब हो गई।

### भंडारे में तीन लोगों की तराशी जेब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव ढाकल साध्वी की तपस्या के भंडारे में शामिल होने आए तीन लोगों की जेब से लगभग 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। सदर पुलिस नरवाना ने सेवादार की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव ढाकल निवासी कर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में साध्वी तपस्या कर रही है। जिसको लेकर तपस्या स्थल पर भंडारे का आयोजन किया था।

# आज कॉलेजों में यूजी कोर्स में आवेदन का अंतिम दिन

शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया तो 26 जून को आ सकती है पहली मेरिट लिस्ट

महाविद्यालयों में दस्तावेजों को जांचने काम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उच्चतर शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आवेदन के लिए विद्यार्थियों के पास केवल एक दिन का ही समय बचा है। विद्यार्थी 16 जून तक रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अगर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया गया तो पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को जारी होगी। जबकि कॉलेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर 19 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चली हुई है। ऐसे में विद्यार्थियों द्वारा भी अपने पंसदीदा कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन किए जा रहे हैं और कॉलेज कमेटी द्वारा भी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

जिले के 17 राजकीय और निजी कॉलेजों के अलावा सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। कॉलेजों में दाखिला कमेटी द्वारा विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच 22 जून तक की जाएगी। 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उन्हें 27 से 30 जून तक फीस जमा करवनी होगी।

### 26 को पहली कट ऑफ होगी जारी

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि यूजी कोर्स में दाखिले के लिए विद्यार्थी 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके साथ-साथ ही कॉलेज की कमेटी द्वारा दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जा रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी दाखिला लेने के इच्छुक हैं, वह निर्धारित समय में दाखिले के लिए आवेदन करें।

### ये है दाखिले का शेडयूल

पहली कट ऑफ के बाद सीट खाली रहने पर 3 जुलाई को दूसरी लिस्ट जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में शामिल छात्रों को 4 से 7 जुलाई तक फीस भरनी होगी। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रही तो 9 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव के लिए 10 जुलाई को दोबारा पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। 18 से 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस, इसके बाद प्रतिदिन 100 रुपये लेट फीस देनी होगी।



जींद। दाखिले के लिए आई छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### कॉलेज आवेदन दस्तावेजों की जांच शेष

| | |
|---|---|
| राजकीय कॉलेज नरवाना | 996 45 |
| इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी राजकीय महिला कॉलेज जींद | 951 22 |
| राजकीय कॉलेज अलेवा | 213 17 |
| राजकीय पीजी कॉलेज जींद | 113816 |
| राजकीय कॉलेज सफीदों | 29215 |
| एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना | 1998 |
| जीसीडब्ल्यू सफीदों | 1555 |
| सीआर किसान कॉलेज जींद | 364 |
| एसडी कन्या कॉलेज उचाना मंडी | 572 |
| मेटिस डिग्री कॉलेज सफीदों | 811 |
| हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद | 1301 |
| राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना मंडी | 1111 |
| राजकीय कॉलेज पिल्लूखेड़ा | 441 |
| राजीव गांधी सनातन धर्म कॉलेज नरवाना | 121 |
| राजकीय कॉलेज छात्तर | 170 |
| पंडित घासी राम कन्या गुरुकुल कॉलेज | 70 |
| राजकीय कॉलेज जुलाना | 700 |

# कलायत नपा: दूसरों की प्रॉपर्टी आईडी में करोड़ों का फर्जीवाड़ा

फर्जीवाड़ा करने वाला नेटवर्क होगा छिन्न-भिन्न

- राजस्व विभाग करेगा जमीन की वास्तविक तस्दीक, मुख्य सचिव के आदेशों को दरकिनारे कर अपने नियम बना रहे नपा अधिकारी, जालसाजों के खिलाफ दर्ज करवाई जाएगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नपा में प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ करवाते हुए दूसरों की करोड़ों की संपत्ति पर बुरी नजर रखने वालों की परेशानियां अब बढ़ने वाली हैं। नपा प्रशासन ने धरातल पर स्थिति को साफ करने के लिए राजस्व विभाग से जमीनों की तस्दीक करने की रूपरेखा तय की है। इसके लिए तहसीलदार से पत्राचार कर विवादित जमीन की रजिस्ट्री, इंतकाल और जमाबंदी की सत्यता जांच जाएगी। जिससे फर्जी तरीके से दूसरों की जमीन पर हथियाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने की सिफारिश भी पालिका द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही जालसाजी से तैयार करवाई गई प्रॉपर्टी आईडी होगी रद्द करने की कार्यवाही को सिरे चढ़ाया जाएगा। बड़े पैमाने पर जमीनों के रिकार्ड से छेड़छाड़ करने की शिकायत सामने आने पर नपा यह कदम उठाने पर विवश हुई है। इसमें सुनियोजित तरीके से नपा अधिकारियों से सांठगांठ करते हुए दूसरों की जमीन को रातों-रात बेचने के चौकाने वाले पहलु चर्चा में हैं।

**नई नीति से उजागर होगा गोलमाल :** कलायत में जमीनों को खुर्दबुर्द करने के खेल की जाल बेहद टेढ़ी है। इसमें दूसरों को जमीन खरीदने को विवश करने के लिए फर्जी गलियां भी दर्शाई गई हैं। ऐसा करने वालों के लिए सरकार की एक नीति परेशानी पैदा करने जा रही है। इसमें गलियों की जमीन को नपा के नाम करवाना होगा। ऐसे में मूल रकबे की जमीन का हिसाब-किताब बेची गई जमीन से मैच नहीं हो पाएगा।

**नहीं होने दी जाएगी कोई गड़बड़ी** नपा के कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान ने बताया कि लाल डोरा के रजिस्ट्री, इंतकाल और जमाबंदी के दस्तावेज उपलब्ध करवाने होंगे। जबकि जिन लोगों की राजस्व विभाग की तस्दीक अनुसार मौके पर स्थिति दुरुस्त नहीं मिली उनकी आईडी रद्द होगी। फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए पुलिस विभाग से सिफारिश की जाएगी।




कैथल। कलायत नगर पालिका कार्यालय भवन। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी रिकार्ड में की गई हेराफेरी

*करोड़ों रुपये की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने के लिए कई मामले ऐसे भी हैं जो लाल डोरा के दायरे से बाहर हैं। इनमें करते हुए जो आईडी तैयार की गई उनकी खेवट व स्थिति का हकीकत से कहीं मेल नहीं खाता। इसके बाद भी पहले पालिका प्रशासन की तरफ से भूमि की खरीद-फरोख्त के इस बड़े गोलमाल की न तो जांच की गई और न ही इस दिशा में ठोस कार्ययोजना सही-गलत की पहचान के लिए तय की गई। मामले के रंग पकडने के बाद नगर पालिका अधिकारी हरकत में हैं। वे राजस्व और पुलिस विभाग के माध्यम से ठोस कार्यवाही का आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन पालिका, पुलिस और राजस्व विभाग कितनी तत्परता से जमीनों की स्थिति को साफ करते हुए कार्यवाही करते हैं? इस पर सबकी नजरें हैं।*

### तरह-तरह के जारी किए तुगलकी फरमान

कलायत नगर पालिका अधिकारी पहले से ही प्रोसिडिंग बुक में छेड़छाड़, सरकारी की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को अधर में लटकाने, फर्जी बिलों के भुगतान, मुख्य सचिव के आदेशों के बिना पालिका कार्यालय की दीवारों पर तरह-तरह के तुगलकी फरमान जारी करने और अन्य कई गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। इस प्रकार के मुद्दों पर खुद नगर पालिका के पार्षद, समाज सेवी संगठन और आम लोग मुखर होकर अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोले हैं। इस प्रकार की नाजुक स्थिति के चलते पिछले माह सीएम फ्लाइंग ने नगर पालिका में दस्तक दी। अब ठोस कार्यवाही के लिए लोग महत्वपूर्ण जांच एजेंसी गठित करते हुए पालिका रिकार्ड की सिरे से जांच करने की मांग उठा रहे हैं।

# नागरिक एकता मंच देगा अंबेडकर चौक पर धरना, प्रदर्शन भी करेगा

बैठक में गाजा पर हमले के लिए इजराइल की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय सूबे सिंह स्मारक में जनसंगठनों की संयुक्त बैठक कुसुम की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में किसान सभा, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, महिला समिति, जनवादी लेखक संघ, ज्ञान विज्ञान समिति, जनसंघर्ष मंच, सद्भावना मंच, जनवादी नौजवान सभा, एसएफआई, खेत मजदूर यूनियन आदि जन संगठनों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में इजराइल द्वारा गाजा पर हमलों, नागरिकों की घेराबंदी व अमरीका की सहायता से इरान को युद्ध के लिए उकसाने की सख्त निंदा की गई तथा प्रस्ताव पास करके अमरीका व इजराइल की दादागिरी पर रोक लगाने के मुद्दे पर अंबेडकर चौकए रानी तालाब पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिलाभर के अमनपसंद, मानवतावादी नागरिकों, जनसंगठनों व राजनैतिक कार्यकर्ताओं को इस विरोध कार्रवाई में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील भी की गई।



जींद। मीटिंग में मौजूद जन संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### तहसील में रविवार को भी किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी जारी रहा ।मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते हुए बताया किसरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों की नस्ल और फसल लगातार बर्बादी की ओर बढ़ रही है क्यों जो एच ए यू हिसार हरियाणा के किसानों को उत्तम क्वाल्टी के बीज उपलब्ध करवाने के लिए एशिया में प्रसिद्ध थी और हरियाणा के विकास में जिस की अहम भूमिका थीएआज गुंडागर्दी का प्रतीक बन गई है।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरण

- शादी के छह माह पूरे होने से पहले करना होगा ऑनलाइन पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने के उपरांत ही विवाहित कन्या के माता.पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गों की विधवाओंए बेसहारा महिलाए अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है।



डीसी मोहम्मद इमरान रज्जा



कैथल। फीट गहरी खुदाई कर छोड़ा गया अधूरा काम। फोटो : हरिभूमि

### अनाज मंडी से गोदाम तक डाली जा रही स्टॉर्म वाटर लाइन बनी खतरे की घंटी

**पूंडरी।** पूंडरी में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा मंडी से गोदाम तक बिछाई जा रही स्टॉर्म वाटर लाइन को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। निर्माण कार्य में बरती जा रही घोर लापरवाही अब जानलेवा बनती जा रही है। जहां एक ओर विभाग ने करीब 12 फीट गहरी खुदाई कर काम अधूरा छोड़ दिया है, वहीं पिछले 15 दिनों से वह खुदाई खुली पड़ी है, न कोई चेतावनी बोर्ड, न बैरिकेडिंग और न ही कोई सुरक्षा उपाय। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय यहां से गुजरने वाले इंसानों या जानवरों के लिए यह गड्ढा सीधे मौत का फंदा बन सकता है। हैरानी की बात तो यह है कि लगभग 350 फीट क्षेत्र में जहां पानी निकासी के लिए खुदाई की गई, वहां कहीं भी गली ट्रैप या जाली का प्रावधान नहीं किया गया है।

# नीट परीक्षा में छाए इंडस के विद्यार्थी 15 का हुआ सलेक्शन, खुशी से झूमें

ऑल इंडिया में साक्षी ने 1809वां रैंक और आदित्य शर्मा ने 3652वां रैंक प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत दिनों आयोजित नीट की परीक्षा में इंडस पब्लिक स्कूल के पंद्रह विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। हर बार की भांति इस बार भी इंडस स्कूल के 15 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अच्छा रैंक हासिल करके अपने स्कूल तथा जिले का नाम रोशन किया है। प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया में साक्षी ने 1809वां रैंक और आदित्य शर्मा ने 3652वां रैंक प्राप्त करके मेडिकल में अपना एडमिशन पक्का कर लिया है। जब्कि अन्य 13 बच्चों ने भी अच्छी रैंक प्राप्त करके गवर्नमेंट कॉलेज में अपना एडमिशन पक्का कर लिया है। इस उपलब्धि पर इंडस पब्लिक स्कूल जींद में खुशी की लहर दौड़ गई। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों, अभिभावकों और इण्डस स्टाफ को बधाई का पात्र बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास उच्च कोटी का स्टाफ है जो रेग्युलर टैस्ट लेने के साथ-साथ बोर्ड की परीक्षाओं को मध्यनजर रखते हुए बच्चों की हर प्रकार की तैयारी करवाते हैं। जिसका परिणाम हमारे बच्चे हर साल हमें अपनी उपलब्धियों के माध्यम से देते हैं। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने अन्य बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इन बच्चों ने हर रोज आठ से 10 घंटे की पढ़ाई की। जिसके परिणाम स्वरूप इन्होंने इतने अच्छे अंक हासिल किए। उन्होंने कहा कि इंडस ग्रुप एक ऐसा प्लेटफार्म है, जिसमें हर बार बच्चे नित नए आयामों को प्राप्त करके अपने राज्य, जिला एवं स्कूल का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि अब जींद जैसे छोटे शहर में रहकर भी अच्छे रिजल्ट प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अन्य बच्चों में प्रेरणा का संचार करते हुए कहा कि हम अगले वर्ष इससे भी अच्छा परिणाम देगें। जिसकी तैयारी हमने शुरू कर दी है। उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने भी बच्चों, स्टाफ एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए।



जींद। नीट में सफलता हासिल करने पर खुशी व्यक्त करते हुए बच्चे।




कैथल। सी आई ए-1 पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित काबू किया आरोपी।



कैथल। चौकी महमूदपुर पुलिस द्वारा काबू किया शराब तस्करी का आरोपी

### गांव चाबा तथा पूंडरी के गांव भाणा से अलग अलग मामलों में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस ने अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से अंग्रेजी, देशी शराब व बीयर की 1138 बोतल बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एस आई जसवंत सिंह की अगुवाई में ए एस आई राजीव कुमार की टीम को एक गुप्त सूचना मिली की गाँव भाणा में पिछले वर्ष का शराब ठेका सुरेन्द्र एंड कम्पनी ने लिया हुआ था। जिसमें भाणा निवासी प्रवेश व महीपाल पार्टनर थे ।इस साल 2025-26 के लिये इनको ठेका नहीं मिला है। इसलिये प्रवेश व महीपाल ने अपने ठेके रखी हुई शराब को अवैध तौर पर छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए करोड़ा रोड़ भाणा स्थित एक खेत कोठा पर दबिश देकर खेत कोठा के सामने चारपाई पर सो रहे युवक भाणा निवासी प्रवेश को काबू कर लिया गया।

**विकास की सौगात** भिवानी रोड बाइपास चोगानन से खोबा बाबा तक बनेगा डिवाइडर : डा. राज सैनी

# वार्ड 30 में नवनिर्मित कई गलियों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद जींद द्वारा वार्ड नंबर 30 में चल रहे विकास कार्य के निमित रमेश जोगी के घर से बलदेव के घर तक, आश्रम बस्ती, संजय पांचाल के घर से जयभगवान के घर तक, बूढ़ा बाबा बस्ती, रामफल सैनी के घर से बेदू के घर तक, आश्रम बस्ती, प्रदीप सेन के घर से नरेश के घर तक बूढ़ा बाबा बस्ती में गलियों का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने किया। डा. राज सैनी के वार्ड 30 में पहुंचने पर वार्ड वासियों ने स्वागत किया। इस मौके पर वर्तमान वार्ड पार्षद सतीश हरियाणवी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान डा. राज सैनी ने बताया कि नगर परिषद जींद द्वारा सभी वार्डों में समान विकास कार्यों को लेकर रूप रेखा के मुताबिक विकास किया जा रहा है। नगर परिषद जींद द्वारा लगातार नगर ओर जींद शहर को भव्य और सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत है। नप चेयरमैन प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व मे बनी भाजपा सरकार ने जैसे पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की लहर चलाई है, उसी तरह सीएम नायब सैनी के कार्यों की तर्ज पर जींद नगर परिषद भी विकास कार्यो को लेकर कोई कोर कसर नही छोड रही है। शहर मे तेजी से विकास कार्य हो रहे है। सफाई व्यवस्था में पहले से काफी सुधार देखने को मिल रहा है। तिरंगा लाइटों से सड़के जगमग हो उठी है। शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर नगर परिषद जींद द्वारा लगा दिए गए है। जिसके चलते अनेकों जगह विकास कार्य होगे। जिसमें गली निर्माण, ग्रीन बैल्ट, लाइट, पार्को तथा सड़कों की दशा सुधारना है। उन्होंने कहा कि जींद में अगर सफाई व्यवस्था की बात की जाए तो बहुत ज्यादा फर्क देखने को मिल रहा है। नगर परिषद जींद निरंतर सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए विषेश रूप से चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाती है एवं इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताहि न बरतने के आदेश दिए है। तिरंगा लाइट से शहर की सुंदरता को चार चांद लगा दिए है। तिरंगा लाइटों से सड़के जगमग हो उठी है। नगर पार्षद सतीश हरियाणवी ने बताया कि विकास कार्यों में रुचि दिखा रही चेयरपर्सन और उनका परिवार जींद शहर के विकास के लिए तत्पर रहता है।



जींद। डा. राज सैनी को तिलक लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी, उपप्रधान नगर परिषद प्रतिनिधि हरविंदर कौशिक, पार्षद प्रदीप सिंगरोहा, पार्षद सतपाल कुंडू, डा. बलबीर श्योराण, संजय कुमार, सियाराम गोयल, सुनील, विक्की, महिपाल कौशिक के साथ वार्ड से प्रदीप सैन, संजय पांचाल, बलराज, अजमेर दुग्गल, जिले सिंह प्रधान, कुलदीप भारतीय, मनू देव, भूप सिंह पांचाल, दलबीर सेन, प्रह्लाद सेन, सोनू गिरि के साथ अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*



### नि:शुल्क हेल्थ कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांची ग्रामीणों की सेहत, दवा भी दी

**जींद।** गांव जुलानी स्कूल में रविवार को राजबीर सिह सहारण के 69 वे जन्मदिन पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमे दिल्ली बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हस्पताल के चिकित्सकों ने लोगो के स्वास्थ्य की जांच की और निशुल्क दवाइयां भी दी। शिविर में विशेषज्ञ डा. बक्शीश, डा. श्याम बहादुर ,मार्केटिंग मैनेजर सुमित मग्गू ने अपनी सेवाएं दी। शिविर मे लोगो जीवन शैली को बेहतर बनाने को भी जागरूक किया। फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, बीएमडी, ईसीजी, आरबीएस बीएमआई की जांच की गई। शिविर में दीपक जांगडा ने निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को लाभ गांव के सैंकडों लोगों ने उठाया। लोगों का कहना था कि जन्मदिवस पर लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखना और जाने माने बेहतर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करवाना तथा दवाइयों दिलाना इससे बडा पुण्य का काम नही हो सकता। इस मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुमन सहारण, सरपंच नरेश, ब्लाक समिति सदस्य सदीप सहारण, जगबीर सहारण, रोशन सिंधु, कर्मबीर सिह ने शिविर को सफल बनाने मे योगदान दिया।